हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 24 जनवरी 2024

तापमान

अधिकतम 26.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

12 लोक सभा चुनावों की तैयारियां हुई शुरू कलेक्टर ने सेक्टर ....



13 सर्व आदिवासी समाज के आहवान पर जिले की ...





## खबर संक्षेप

### सीएम दो दिन रहेंगे बस्तर में

**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 25 और 26 जनवरी को दो दिवसीय बस्तर प्रवास पर रहेंगे। मुख्यमंत्री 25 जनवरी को बाबू सेमरा में एमआरएफ सेंटर का उद्घाटन कार्यक्रम के साथ अन्य विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार जगदलपुर के धरमपुरा में शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा ज्ञानगुड़ी केंद्र का लोकार्पण भी करेंगे। मुख्यमंत्री 26 जनवरी को लालबाग में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर ध्वजारोहण करेंगे तथा सिरहासार चैक स्थित शहीद स्मारक में शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।



### वादाखिलाफी के विरुद्ध युकां करेगी बेरोजगार युवाओं को जागरूक



**जगदलपुर।** प्रतिवर्ष 2 करोड़ बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने के वादाखिलाफी के विरुद्ध देश के बेरोजगार युवाओं की आवाज को बुलंद करने के उद्देश्य से कांग्रेस भवन में बैठक हुई। भारतीय राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी, राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी छतीसगढ़ पलक वर्मा, छतीसगढ़ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश शर्मा के निर्देशानुसार बस्तर जिला युवा कांग्रेस कार्यकारी जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में युवा कांग्रेस की बैठक में रोजगार दो, न्याय दो पोस्टर लांच कर अभियान की शुरुआत किया गया। युवा कांग्रेस के कार्यकारिणी अध्यक्ष अभिषेक डेविड ने बताया की देश के युवाओं से केंद्र सरकार द्वारा की गई वादाखिलाफी के विरोध में एवं बेरोजगारों के हक की लड़ाई लड़ने रोजगार दो न्याय दो अभियान की शुरुआत युवा कांग्रेस करने जा रही है। जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को हक मिलने तक संघर्ष जारी रखना है। मोदी सरकार को आइना दिखाने का काम जिले के युवा कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता युवाओं के मध्य पहुंच कर रोजगार के मुद्दों पर चर्चा कर बेरोजगारो से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन फार्म भराया जायेगा। इस दौरान ग्रामीण युवा कांग्रेस प्रभारी विक्रांत सिंह, जिला कांग्रेस महामंत्री सुभाष गुलाठी, युवा कांग्रेस जिला महासचिव विमल बिसाई, विधानसभा अध्यक्ष बस्तर रियाज खान, विधानसभा अध्यक्ष चित्रकोट भंवर मौर्य, युवा कांग्रेस पूर्व लोकसभा महासचिव अंकित पारख, जाहिद हुसैन, अनुराग महतो, असीम सुता, ज्योति राव, गीता, श्रवण, मोहनीश एवं अन्य युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अबूझमाड़ से लगे नक्सल प्रभावित 5 गांव के 8 पारा में आजादी के 76 साल बाद पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अलग खबर

बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले के लगभग 65-70 किमी दूर नक्सल प्रभावित क्षेत्र अबूझमाड़ से लगे 5 गांवों के 8 पारा के ग्रामीण आजादी के 76 साल बाद बिजली पहुंची, जिससे ग्रामीणों में खुशी की लहर दिखी। नक्सलियों के हिंसात्मक कृत्यों के कारण बिजली की सुविधा आज तक नहीं पहुंच पाई थी, ग्रामीण अंधकारमय जीवन जीने को मजबूर थे। विद्युत कंपनी ने खनिज संस्थान न्यास मद से पड़नार खासपारा, पड़नार, बेदमा, तुरूसमेटा, स्कूलपारा, तिरकनार, होड़नार स्कूलपारा एवं होड़नार के पटेलपारा में 18.41 किमी एलटी लाइन बिछाया। सभी गांव एवं पारा में एक-एक ट्रांसफार्मर लगाया गया और हर एक घरों को बिजली से रौशन किया। ग्रामीणों ने बताया कि गांवों में सौर्य ऊर्जा रही, लेकिन ज्यादातर बंद रहने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। वर्तमान में बिजली आने से गांव एवं पारा के पढ़ने वाले बच्चे रात में भी आसानी से पढ़ाई कर रहे हैं।

## बिजली से घर रोशन होने से ग्रामीणों में दिखी खुशी की लहर

### बंद बिजली होने पर दें सूचना

विद्युत कंपनी नारायणपुर संभाग के कार्यपालन अभियंता हिलोन कुमार ध्रुव ने ग्रामीणों से कहा कि बिजली बंद होने से तत्काल बिजली कार्यालय में फोन करें, जिससे बंद बिजली को बहाल कर सकें। साथ ही क्षेत्र के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश दिया कि सूचना मिलते ही स्थल पर पहुंच कर बिजली संबंधित समस्याओं का निराकरण करें।







### हर घर में दे रहे बिजली

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि बस्तर संभाग के सातों जिलों में शासन एवं प्रशासन के प्रयास से हर घर को बिजली से रोशन किया जा रहा है। इसके तहत ही नारायणपुर जिले के गांवों में बिजली पहुंचा रहे हैं।

## हसदेव वन कटाई व मासूम की मौत के विरोध में स्वस्फूर्त रहा बस्तर बंद

सर्व आदिवासी समाज ने 6 जिले में बंद का किया था आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ हाथों में तख्ती लिए युवा बंद का कर रहे थे आह्वान

हसदेव वन कटाई व बीजापुर जिले के ग्राम मूतवेंडी की 6 माह की मासूम मंगली की मौत के विरोध में मंगलवार को बीजापुर जिला को छोड़ शेष सभी 6 जिलों में बंद का व्यापक असर देखा गया। सर्व आदिवासी समाज द्वारा बंद के लिए चेंबर का सहयोग मांगा गया था, जिसके बाद सुबह से दोपहर तीन बजे तक मुख्य बाजार बंद रहे। संजय बाजार में बंद का असर नहीं दिखा दूर दराज से आने वाले सब्जी विक्रेता बाजार सजाए हुए थे। संभागीय मुख्यालय जगदलपुर समेत कोंडागांव, कांकेर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा व सुकमा जिले में बंद का व्यापक असर देखने मिला। हालांकि जिला मुख्यालय और शहरी क्षेत्र में भी बंद सफल रहा लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में आम दिनों की तरह कामकाज होता रहा। शहर में समाज के युवाओं ने बाइक रैली निकालकर व्यापारियों से प्रतिष्ठान बंद रखने का आह्वान करते रहे। चेंबर के समर्थन के बाद व्यापारियों ने अपनी प्रतिष्ठानें दोपहर तक बंद रखी थी। सर्व आदिवासी समाज के संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर, जिला अध्यक्ष गंगा नाग, युवा प्रभाग सचिव बलदेव मंडावी, जिला अध्यक्ष युवा प्रभाग संतू मौर्य, मीडिया प्रभारी छग पुरन कश्यप के अलावा बलदेव मौर्य, पप्पू नाग, लम्बोधर कश्यप, बसंत कश्यप, भगत बघेल, कविता कश्यप, सुशीला नाग, संतोषी नाग, नम्रता नाग, रामू मंडावी, जलन नाग, मनीराम मंडावी, फरसू सोढ़ी समेत बड़ी संख्या में युवा मौजूद थे।





### नक्सलियों का समर्थन बसों के थमे पहिए

बंद का नक्सलियों ने भी समर्थन किया है। बंद से एक दिन पूर्व नक्सलियों ने प्रेस नोट जारी कर बंद का समर्थन किया था, जिसे देखते हुए अंदरूनी इलाके में पुलिस फोर्स अलर्ट पर थी, हालांकि बंद के दौरान किसी अप्रिय घटना की खबर नहीं है। इधर बंद को देखते हुए बस संचालकों ने बस का परिवहन बंद रखा था। बदं को देखते हुए बस्तर के अलावा नारायणपुर, सुकमा, बीजापुर व दंतेवाड़ा जिले के अंदरूनी और नक्सल प्रभावित इलाकों में चलने वाली यात्री बसों के पहिए थमे रहे, जिससे इन मार्गों में यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## 108 एंबुलेस कर्मियों ने बचाई नवजात शिशु की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



■ नवजात बच्ची को चूहे के बिल में छोड़कर चली गई महिला

बस्तर जिले के तोकापाल बारूपाटा बड़ेपारा निवासी एक महिला ने अपने नवजात बच्ची को चूहे के बिल में छोड़कर उसके ऊपर मिट्टी डालकर चली गई। इसकी सूचना मंगलवार की सुबह 108 एंबुलेस स्थल में पहुंचकर बच्ची की जान बचाई। बताया जा रहा है कि 22 जनवरी को एक महिला ने ग्राम बारूपाटा में रात्रि 11 बजे एक नवजात बालिका को जन्म दिया। महिला और उसकी बच्ची को अपनाने से इंकार करने के बाद महिला ने अपनी नवजात बच्ची को नीलगिरि प्लाट में चूहे द्वारा बनाए गए बिल में डालकर उसके ऊपर मिट्टी डालकर बच्ची को मारने की पूरी कोशिश कर चली गई। मंगलवार की सुबह ग्राम बारूपाटा के सरपंच उसी नीलगिरि प्लांट में शौच के लिए जा रहे थे, उन्होंने बच्चे की आवाज सुनकर 112 एवं 108 को कॉल किया। सूचना मिलते ही 112 एवं 108 की टीम स्थल पर पहुंची। बच्ची की गंभीर स्थिति को देखते हुए बच्ची को 108 एंबुलेंस में शिफ्ट कराया गया। 108 ईएमटी भानुप्रिया एवं ▶▶| शेष पेज 12 पर

## लिमिट बढ़ने से धान खरीदी ने पकड़ी रफ्तार

### शेष बचे 4 दिन में टारगेट पूरा करना आसान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ नगरनार सोसायटी में किसानों को दिए गए 24 और 29 जनवरी का टोकन

सरकारी धान खरीदी के लिए मात्र 4 दिन बाकी है, 31 जनवरी को धान खरीदी समाप्त हो जाएगी। 25 से लेकर 28 तक लगातार 4 दिन छुट्टी होने से किसानों को केवल 4 दिन 24 जनवरी और 29 से 31 जनवरी तक ही सोसायटियों में धान बेचने का मौका मिलेगा। हरिभूमि ने ओडिशा सीमा के प्रमुख बस्ती नगरनार पहुंचकर लेम्पस में हो रहे धान खरीदी का जायजा लिया। काफी किसान धान बेचने पहुंचे थे जिनका तौल कांटा चल रहा था। पहले एक दिन में 800 क्विंटल धान खरीदी का लिमिट तय था, लेकिन इस क्षेत्र में धान की फसल देर से तैयार होने और किसानों द्वारा देर से धान बेचने के कारण लेम्पस द्वारा लिमिट बढ़ाने की मांग की गई थी। अब प्रतिदिन 1500 क्विंटल धान खरीदी का लिमिट तय कर दिया गया है। इसलिए नगरनार सोसायटी में सुबह से देर शाम तक काफी संख्या में किसान पहुंचे थे और वे अपना धान तुलवा रहे थे। लेम्पस प्रबंधक राजूराम कश्यप ने बताया कि कल 24 जनवरी को 18 किसानों को टोकन दिया गया है। जिनसे लगभग 1500 क्विंटल धान की खरीदी होगी। वहीं आज 28 किसानों का धान सोसायटी में पहुंचा है, इसलिए आज यहां भीड़ ज्यादा है। आज देर रात तक 1500 क्विंटल तक धान का तौल हो जाएगा। छुट्टियों के कारण केवल 4 दिन ही खरीदी होगी इसलिए टारगेट पूरा नहीं हो पाएगा। किसानों ▶▶| शेष पेज 12 पर



### स्टील प्लांट से निकले पानी से फसल को नुकसान

धान बेचने सोसायटी पहुंचे अनेक किसानों ने बताया कि हर साल नगरनार स्टील प्लांट से निकलने वाला गंदा पानी किसानों के फसल को नुकसान पहुंचाता है। इस साल भी खड़ी फसल में लगभग आधा फसल को नुकसान हुआ है, इसलिए किसानों को घाटा हुआ है। लेम्पस प्रबंधक ने कहा कि 88 किसानों का लगभग 20 हेक्टेयर खेत में पानी जाने से फसल को नुकसान होना बताया गया है, लेकिन जो आधी फसल ठीक थी, उसका धान लाकर सोसायटी में किसानों ने बेचकर ऋण चुकता किया है। फसल प्रभावित खेत के लगभग 30 किसानों ने ऋण लिया था, जिन्होंने अपना कर्ज पटा दिया है। 5-6 किसान की फसल को ज्यादा नुकसान हुआ है। उन्होंने ऋण राशि नगद पटाने की बात कही है। वहीं फसल बीमा और मुआवजा के लिए भी कार्रवाई चलने की जानकारी किसानों ने दी है।

### 338 किसानों ने लिया था ऋण

लेम्पस प्रबंधक ने बताया कि इस साल सोसायटी से नगद और खाद-बीज में 338 किसानों ने ऋण लिया है। जिनमें 300 से अधिक किसानों ने धान बेचकर लोन चुकता कर दिया है। लगभग 5 फीसदी किसान ही ऋण नहीं पटा पाए हैं। आने वाले 4 दिनों में लगभग 100 फीसदी ऋण की राशि किसान पटा देंगे।




## पाठक सूचना

**हरिभूमि** समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9424293029, 9131893124

## अयोध्या जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े कारसेवकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ राम नाम का गमछा पहनाकर दिया गया श्रीफल

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र जागरण समिति ने गंगामुंडा तालाब के तट पर आयोध्या राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े कारसेवकों का सम्मान किया। जिनमें 1990-1992 में राम जन्मभूमि के लिए अयोध्या कारसेवा में जाने वाले कारसेवक दिनेश कश्यप, श्रीनिवास मिश्रा, विजय तिवारी, जगतपाल सिंह चौहान, सुशील दास, राणा घोष, अजय दास, सर्वेश्वर पांडे, गिरीश साहू को पुष्पमाला पहनाकर, राम नाम का गमछा व श्रीफल से उनका सम्मान किया गया। श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि राम मंदिर के लिए ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप



### रमेश नेताम निर्विरोध चुने गए सचिव संघ के जिलाध्यक्ष

**फरसगांव / केशकाल।** पूरे प्रदेश भर में हर तीन वर्ष में पंचायत सचिवों का चुनाव होता है, जिसके अंतर्गत सचिवों का चुनाव होने के साथ ही जिला अध्यक्ष भी चुना जाता है। 23 जनवरी को केशकाल जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सचिवों का चुनाव हुआ, जहां केशकाल ब्लाक अध्यक्ष रमेश नेताम को सर्वसम्मति से कोंडागांव जिला अध्यक्ष चुना गया, जिसके बाद सभी ने मिल कर पुष्प गुच्छा पहनकर बधाई दिए। इस दौरान सचिव संघ के निर्वाचन अधिकारी संभुराम साहू ने बताया कि प्रदेश सचिव संघ के निर्देशानुसार मंगलवार कोंडागांव जिला का भी चुनाव शांति पूर्ण संपन्न हुआ।

### धनोरा भी हुई पूजा-अर्चना

**धनोरा/केशकाल।** 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम दिन केशकाल ब्लॉक के तहसील वा थाना धनोरा में भी श्रद्धालुओं द्वारा आकर्षक श्रीराम का प्राण प्रतिष्ठा पूजन की साथ स्थापना किया गया है। यहीं मौके पर धनोरा वा आसपास क्षेत्र से सैकड़ों संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर कर भगवान का पूजा अर्चना वा पूजन कार्यक्रम में शामिल हुआ है। यह कार्यक्रम में ग्रामवासी व क्षेत्र वासियों का पूरा सहयोग रहे व धनोरा व आसपास क्षेत्र पूरे राममय हुआ था, जो गांव वा क्षेत्र में चर्चा का विषय रहे।



### कोण्डागांव में गणतंत्र पर्व पर विधायक लता उसेण्डी करेगी ध्वजारोहण

**कोण्डागांव।** इस बार गणतंत्र पर्व 2024 के अवसर पर स्थानीय विधायक लता उसेण्डी कोण्डागांव के मुख्य आयोजन स्थल पर ध्वजा रोहण करेगी। छग शासन की ओर इस आष्य की सूची जारी की गयी है।

### मतदान कराने को लेकर तैयारी, दिया गया प्रशिक्षण

# लोक सभा चुनावों की तैयारियां हुई शुरू कलेक्टर ने सेक्टर अधिकारियों को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुणाल दुदावत की अध्यक्षता में जिले के सभी मतदान केंद्रों में आगामी लोकसभा निर्वाचन में शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित कराने के लिये सेक्टर अधिकारियों की एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में संवेदनशील केन्द्रों की पहचान एवं उनके मूल्यांकन कार्यों को अति महत्वपूर्ण बताते हुए इसके संबंध में जानकारी दी गयी। जिसमें उन्होंने कहा कि निर्वाचन पूर्व तैयारियों से आपका कार्य निर्वाचन के दिवस में आसान हो जाएगा। इसके लिए प्रशासनिक सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस सेक्टर अधिकारियों को मतदान केन्द्रों के लिए रूट निर्धारित कर तथा मतदान केन्द्रों में पहुंच उनका जायजा लेना होगा। ताकि उन क्षेत्र में होने वाली दिक्कतों का वे आंकलन कर उसका निराकरण कर सकें। सभी सेक्टर अधिकारियों को चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड के आधार पर क्षेत्र की संवेदनशीलता की जांच के लिए निर्देश दिये गये। जिसमें क्षेत्र में सांप्रदायिक तनाव, राजनीतिक तनाव, पूर्व में हुए जघन्य अपराध, पूर्व मतदानों में कम मतदान प्रतिशत, महिला एवं विशेष जाति के लोगों में मतदान न करने के लिए किसी प्रकार के दबाव, पूर्व निर्वाचन में प्रभावित होने आदि बिन्दुओं के आधार पर संवेदनशीलता का निर्धारण करने को कहा गया।



**शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न कराया जायेगा मतदान**

कलेक्टर ने सभी सेक्टर अधिकारियों को अपने क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में मतदान दलों के लिए सभी सुविधाओं को सुनिश्चित करते हुए ऐसे केन्द्र जहां आवश्यकता है। वहां की जानकारी देकर व्यवस्था सुनिश्चित करने को निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सभी अधिकारियों को मतदान कार्यों में सतर्कता बरतने के लिए निर्देश देते हुए कहा कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सफलता पूर्वक निष्पादित कराना हमारा दायित्व है। ऐसे में सभी को समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

**मौजूद रहे ये**

इस अवसर पर संयुक्त कलेक्टर मनोज केसरिया, मास्टर ट्रेनर शशिभूषण कन्नौजे, वेणु गोपाल राव सहित सभी पुलिस एवं प्रशासनिक सेक्टर अधिकारी उपस्थित रहे।

### विशेष ग्राम सभाओं द्वारा ग्रामीणों को यातायात नियमों के संबंध में दी जाए जानकारी: कलेक्टर



मंगलवार को जिला कार्यालय सभा कक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत एवं पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कलेक्टर ने शहर के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग में लाइटों तथा सडकों की मरम्मत की आवश्यकता में बल देते हुए इस पर तुरंत कार्यवाही करते हुए सुधार के लिये निर्देश दिए। राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उन्होंने कैट आई, रिफ्लेक्टर, डेलिनेटर तथा डिवाइडरों के कोनों पर क्रैश बैरियर लगाने को कहा। जिला मुख्यालय में डिवाइडर पर लगाए गए पौधों पर लगातार पानी डालने तथा शहर में धूल ना उड़े इसके लिए सड़क के दोनों ओर जमीं धूल को साफ करवाने एवं नियमित रूप से पानी डालने को कहा। पुलिस अधीक्षक द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर कैट आई की कमी एवं कुछ कैट आई के खराब होने पर चिंता व्यक्त करते हुए तुरंत सभी खराब कैट आई का सुधार करने तथा सभी आवश्यकता वाले स्थालों पर रोप बैरियर, डेलिनेटर तथा ब्लिंकर लगाने निर्देशित किया। कलेक्टर द्वारा सडकों पर साइन बोर्ड लगाने एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवारा पशुओं को सडकों से दूर रखने हेतु संबंधित ग्राम पंचायत के माध्यम से आवारा पशुओं को सड़कों से हटाने के लिये निर्देशित किया। लोगों को ट्रैफिक नियमों के संबंध में जागरूक करने के लिए कलेक्टर ने ग्राम पंचायत के माध्यम से लोगों को शिविर लगाकर सूचित करने तथा आगामी ग्राम सभा में ट्रैफिक नियमों कि ग्रामीणों को जानकारी देने के लिये निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी एजेंसियों एवं सडक निर्माण एजेंसियों को संयुक्त रूप से सडकों का निरीक्षण कर आपसी समन्वयं द्वारा सडकों को सुरक्षित बनाने तथा दुर्घटनाओं को रोकने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिए। इस बैठक में डीएफओ एन गुरुनाथन, रमेश जांगड़े, अपर कलेक्टर चित्रकान्त चार्ली ठाकुर, जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### कोण्डागांव पुलिस को मिली बड़ी सफलता
## मर्दापाल क्षेत्र के दो नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पुलिस महानिरीक्षक, बस्तर रेंज, जगदलपुर सुन्दरराज पी. व पुलिस उप महानिरीक्षक उत्तर बस्तर रेंज, कांकेर बालाजी राव सोमावार के कुशल मार्गदर्शन एवं पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार के प्रभावी रणनीति तथा उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सतीश भार्गव के पर्यवेक्षण में लगातार नक्सल विरोधी अभियान संचालित किये जा रहे हैं। समय–समय पर सुरक्षा बलों द्वारा नक्सल प्रभावित ग्रामों में सिविक एक्शन कार्यक्रम चलाए जा कर शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति से प्रदाय सुविधाएं व लाभ की जानकारी बैनर पोस्ट पाम्पलेट आदि के माध्यम से अवगत कराया जा रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप नक्सलियों द्वारा स्वयं आगे बढ़ कर शासन के आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का लाभ लेने के लिए पुलिस अधीक्षक के समक्ष समाज की मुख्यधारा में जुड़कर जीवन यापन करने के लिए आत्मसमर्पण कर रहे हैं। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोण्डागांव में मर्दापाल क्षेत्र के सक्रिय नक्सली सदस्य पूर्व बेड़मा जनताना सरकार सदस्य सोनू उर्फ घसिया कश्यप पिता रामधर (35), जाति मुरिया निवासी हांदापाल थाना मर्दापाल व पूर्व जनमिलिशिया सदस्य घिना पिता समरथ (30), जाति रावत निवासी ग्राम कुदूर, राउतपारा थाना मर्दापाल कोण्डागांव द्वारा आत्मसमर्पण किया गया है। जिन्हे तत्काल प्रोत्साहन राशि 25–25 हजार रूपये प्रदाय किया गया। इसके अतिरिक्त शासन की पुनर्वास नीति के तहत अन्य सुविधाये प्रदाय के लिए वरिष्ठ कार्यालय की ओर पत्र व्यवहार किया गया है।

**मौजूद रहे ये :** इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक ऑप्स सतीश भार्गव, नक्सल सेल प्रभारी भुनेश्वर नाग एवं थाना प्रभारी मर्दापाल रमन उसेण्डी एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्राण प्रतिष्ठा के लिए प्रधानमंत्री का आभार: नीलकंठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल

छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग के द्वारा ब्लाक मुख्यालय केशकाल में शिवमन्दिर प्रांगण बाजार पारा सुरड़ोगर में आयोजित किया गया। जहां प्रारंभ मे पूजन अर्चन कर मंगलाचरण के लिए शिव भोले बाल बालिका मण्डली को आमंत्रित किया गया। इसी बीच देश के प्रधानमंत्री के कर कमलों से भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लाइव प्रसारण मानस मंच से किया गया। जिसे उपस्थित जन प्रतिनिधि व जन समूह ने देखा। जैसे ही रामलला के दर्शन हुए पूरा सदन जयश्री राम के नारे से गूज उठा। सुबह 11 बजे से रात 9 बजे तक चलने वाले मानस गान में रामभक्त मानस मंडली आवरी, सरस्वती बालिका मानस मंडली पीपरा, श्रीराम मानस प्रचार समिति डिहीपारा केशकाल, शीतला मानस मंडली धनोरा, मां शारदा मानस मंडली बोरगांव मानस मंडली की शानदार प्रस्तुति करण हुई। समापन की बेला मे केशकाल विधानसभा के



विधायक नीलकंठ टेकाम का पहली बार मानस मंच पर आगमन अवसर पर भव्य स्वागत अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज अयोध्या ही बल्कि सम्पूर्ण विश्व राममय बन चुका है। आज हमे गर्व है कि हम अयोध्या जाकर प्रभु श्रीराम के दर्शन कर सकेंगे। उन्होने इस महान ऐतिहासिक दिव्य कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रधानमंत्री का ह्रदय से समस्त जनता की ओर से आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष रोशन जमीर, उपाध्यक्ष बिहारी लाल शोरी, पूर्व अध्यक्ष आकाश मेहता, वरिष्ठ समाज सेवी कृष्ण दत्त उपाध्याय, मनसुख लाल भूरट, बलराम गौर, राम सेवक वेदव्यास, पूर्व पार्षद भूपेश चंद्राकर, पार्षद अनिल उसेंडी, हेमन्त बाधे, पंकज नाग, समापन टोली शारदा मानस परिवार बोरगांव की बिदाई विधायक ने अपने कर कमलों से की। तथा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित जन समुदाय , बच्चो से भी मुलाकात की। पाचो मंडलियो ने अपनी अपनी प्रस्तुति बडी शानदार दी ,जिसे उपस्थित राम भक्तो ने सराहा।सम्पूर्ण आयोजन अनुविभागीय अधिकारी अनिकेत साहू के मार्गदर्शन मे तहसीलदार आशुतोष शर्मा, रामेश्वर महापात्र मु कार्य पालन अधिकारी, सु श्री हंसा ठाकुर, सी एल मंडावी ख शि अ एव प्रकाश साहू बी आर सी के विशेष सहयोग से सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम स्थल पर भंडारा प्रह्लाद साहू , मुन्ना चौधरी व मोहल्ले की सभी माताओं का विशेष योगदान रहा।

### टलनार धान खरीदी केन्द्र में कोचिया खपा रहा था अवैध धान

जगदलपुर। टलनार धान खरीदी केन्द्र में अवैध रूप से धान खपा रहे कोचिए का 104 क्विंटल धान तहसीलदार बकावण्ड द्वारा जब्त किया गया है। देर शाम टलनार पहुंची प्रशासनिक टीम ने मौके से 260 बोरा धान जब्त किया है। बकावंड तहसीलदार जॉली जेम्स ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि अवैध धान को बेचे जाने धान खरीदी केन्द्र टलनार में लाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मामले की जानकारी जिला विपणन अधिकारी देने के बाद मौके पर पहुंचकर जब्ती कार्रवाई की गई। कोचिया धनुर्जय बघेल पिता मनबोध बघेल निवासी बेलगांव द्वारा 260 कट्टा धान लाया गया था, जिसे तहसीलदार जॉली जेम्स व डीएमओ राजेन्द्र ध्रुरव ने बताया कि मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए टीम द्वारा धान जब्त किया गया। तहसीलदार ने बताया कि अवैध धान खपाए जाने की सूचना मिली थी, जिसके बाद जब्ती की कार्रवाई की गई है।



## माकड़ी राम कुटीर में हुई मानस गान स्पर्धा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ शासन के मंशानुसार श्री रामलाल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर विकासखंड माकडी में राम कुटीर में एक दिवसीय मानस गान का आयोजन किया गया। जिसमें माकडी विकासखंड के पांच मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर राम कुटीर में एलईडी एवं प्रोजेक्टर से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा अयोध्या में हो रही रामलीला प्रतिष्ठा का लाइव प्रसारण भी उपस्थित लोगों को दिखाया गया। साथ ही पूर्व संध्या पर ग्राम भ्रमण कर बच्चों द्वारा राम सीता के वेशभूषा में झांकी निकाली गई। तत्पश्चात हवन पूजन के साथ ही मानस मंडलियों की प्रस्तुति पर उन्हें 5000 रुपए की राशि भी प्रदान की गई। विकासखंड माकडी के सभी ग्रामों एवं विकासखंड मुख्यालय में भक्तिमय माहौल के साथ ही जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा। जनपद पंचायत माकडी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी आर कर के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ शासन के रामलीला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। शाम को बिहान समूह के द्वारा 5000



दीपो से समस्त मंदिरों को सजाया गया, जिसमें समूह की महिलाओं के साथ पीआरपी और क्षेत्रीय समनवक विजया साहू के साथ बीपीएम सदारम नेताम उपस्थित रहे। साथ ही रामकुटीर को केसरिया झालर लाइट से रोशन किया गया।

**मौजूद रहे ये :** इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष मोतीबाई नेताम जनपद उपाध्यक्ष गौतम साहू ग्राम के वरिष्ठ नागरिक संतलाल पोयाम किसान मोर्चा प्रदेश लोमस चंदन मंडल अध्यक्ष दीपेंद्र नाग संजू पोयाम प्रताप पोयाम श्रीमती लक्ष्मी पोयाम सुदर्शन साहू मनोज साहू सरपंच संघ के अध्यक्ष हेमलाल वटी सुदर्शन साहू जयलाल साहू कृष्णा साहू संजीव ग्वाल रोशन सेन सहिद बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कोण्डागांव पुलिस ने बरामद किया 10 किलो का कुकर आईईडी बम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

मुखबिर से पुलिस को सूचना मिली कि नक्सलियों ने संघन वन क्षेत्र के मार्ग में पुलिस व आमजन के साथ बडी बारदात करने के मकसद से एक आईईडी बम प्लांट किया है। जिसे मौका देख कर घटना को अंजाम दिया जायेगा। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल सक्रिय हुयी और बम को बरामद करने की प्रक्रिया आरम्भ की गयी। प्रातः करीबन 09:00 बजे ग्राम बयानार से जतरबेडा जाने वाली कच्ची सड़क में आईईडी लगे होने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक वाय. अक्षय कुमार के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी सतीष भार्गव के पर्यवेक्षण में बीडीएस.टीम कोण्डागांव के द्वारा जतरबेडा मार्ग का सघन सर्चिंग की गयी। इस सर्चिंग करने के दौरान पहाड़ी के किनारे कच्ची सडक पर 01 आईईडी वजन लगभग 10 किलो को बीडीएस टीम कोंडागांव द्वारा बरामद किया गया।



**बम को किया डिफ्यूज पूरा जंगल धुंआ से भर गया**


पुलिस ने अपनी प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि आईईडी को अज्ञात माओवादियों द्वारा पुलिस बल व आम जनता को नुकसान पहुंचाने के नीयत से लगाया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए उक्त आईईडी बम को मौके पर बीडीएस टीम कोण्डागांव द्वारा निष्क्रिय किया गया, जिस समय उक्त आईईडी बम निष्क्रिय किया गया, जोरदार धमाके साथ पूरा जंगल धुआ से भर गया। उक्त कार्यवाही में थाना बयानार पुलिस, बीडीएस कोण्डागांव एवं डीआरजी बयानार टीम का विशेष योगदान रहा।

**2 लाख 14 हजार से अधिक लोग हो चुके हैं शामिल**

## जिले में अब तक 336 ग्राम पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

भारत सरकार के जनजातीय कार्य विभाग की संयुक्त सचिव तथा वित्तीय सलाहकार श्रीमती यतीन्द्र प्रसाद ने मंगलवार को कोंडागांव जिले में संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के संचालन की समीक्षा की। इस दौरान कलेक्टर श्री कुणाल दुद्दावत ने बताया कि जिले में अब तक 336 ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्र पहुंच चुकी है तथा इनमें 2 लाख 14 हजार से अधिक लोग शामिल हो चुके हैं। उन्होंने इस दौरान आयोजित किए गए स्वास्थ्य शिविर, टीबी जांच, सिकलसेल जांच, सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, महिला, विद्यार्थी, खिलाड़ी और कलाकारों के सम्मान, प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से बातचीत, ड्रोन प्रदर्शन सहित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कलेक्टर श्री दुद्दावत ने इस दौरान बताया कि जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने और सिकलसेल जांच का कार्य वृहद तौर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस माह के अंत तक सभी हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य लेकर महाअभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी के साथ ही अब पंचायत सचिव और रोजगार सहायकों को भी आईडी उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं अब तक 55 हजार से अधिक लोगों का सिकलसेल जांच किया गया है। जिसमें अब तक 694 लोगों में सिकलसेल पाया गया है।



**गांव गांव में मिलेगा हर घर सहज जल**

जिले में जल जीवन मिशन के तहत कायोंर् की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि इस माह के अंत तक 50 गांवों में हर घर सहज जल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही फरवरी माह में और 50 गांवों में हर घर सहज जल उपलब्ध कराने का लक्ष्य लेकर कार्य किया जा रहा है। जिले के सभी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने के लिए भी कार्ययोजना के साथ कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जिले में 20 हजार से अधिक आवासों के स्वीकृति की संभावना को देखते हुए भी हितग्राहियों से आवेदन लेकर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। जिले में लोगों के कल्याण के लिए किए जा रहे जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना करते हुए लक्ष्यों को शीघ्र प्राप्त करने की आशा व्यक्त की। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम प्रकाश शर्मा सहित जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## श्री राघव सम्मान 2024 से सम्मानित हुई मधु तिवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

अयोध्या में रामलला प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के शुभ अवसर पर राज रचना कला व साहित्य परिषद रायपुर द्वारा ऑनलाइन काव्य रचना व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां देशभर के कवियों, साहित्यकारों को उनकी श्री राम पर केंद्रित रचनाओं व साहित्य, समाजसेवा में निरंतर सक्रिय भूमिका के लिए डिजिटल सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मधु तिवारी को भी उनके साहित्यिक अवदान, रचनात्मक योगदान के लिए डॉ शिव नारायण देवांगन संस्थापक शिक्षक कला व साहित्य अकादमी, राम नारायण साहू अध्यक्ष रचना कला व साहित्य परिषद महासचिव, सुमित्र साहू द्वारा द्वारा हस्ताक्षरित श्रीराघव सम्मान 2024 से विभूषित किया गया। मधु विभिन्न साहित्यिक आयोजन सामाजिक समरसता, नव जागरण कल्याण कारी कार्यों में अपनी रचनात्मक भूमिका का निर्वहन करती रही है।



## डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम पलारी में संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

वित्तीय समावेशन के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग द्वारा ग्राम पलारी में 23 जनवरी मंगलवार को डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में मुख्य रूप से आरपी वर्मा अधीक्षक डाकघर बस्तर संभाग, सुभाष भुआर्य उपसंभागीय निरीक्षक कोंडागांव प्रीतम गुप्ता मैनेजर आईपीपीबी, शिवलाल मंडावी जनपद अध्यक्ष कोंडागांव, प्रमिला मंडावी सरपंच ग्राम पंचायत पलारी तथा पंचगण एवं ग्राम की जनप्रतिनिधि ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर व माल्यर्पण कर एवं राष्ट्रगान कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई, तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत वंदन किया गया। इस अवसर पर उप संभागीय निरीक्षक आरएस मिश्रा द्वारा डाकघर के जनकल्याणकारी योजनाओं एवं वित्तीय समावेशन को विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बताया डाकघर की योजना प्रत्येक वर्ग के हित के लिए बनाया गया है, जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, सक्षम वर्ग तथा अधिक सम्पन्न इस प्रकार अपनी यथाशक्ति निवेश करने की आदत डालने पर जोर दिया। जनप्रतिनिधियों ने भी डाकघर की छोटी–छोटी बचत योजनाओं को जाना एवं समझा, एवं हर घर मे डाकघर का एक खाता खुलवाने की बात कही। कार्यक्रम में उपस्थित समस्त अतिथियों को अधीक्षक के द्वारा विभागीय कलेंडर भेट की गई। इस मौके पर ग्रामीण डाक जीवन बीमा, डाकघर बचत बैंक, आईपीपीबी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्रामीण डाक सेवकों को सम्मानित किया गया।





**खोले गए 200 से अधिक बचत खाते**

आज के डाक सामुदायिक विकास कार्यक्रम में कुल 4 करोड़ 10 लाख का ग्रामीण डाक जीवन बीमा, 1 करोड़ 10 लाख का पीएलआई, 200 से अधिक बचत खाते, आईपीपीबी के 75 खाते खोले गए। बाल आधार नामांकन व मोबाइल नम्बर अपडेशन के 55 कार्य हुए।

**सक्रिय भूमिका में रहे ये**

कार्यक्रम को सफल बनाने में डाक अधिदर्शक हरेन्द्र यादव, देव कुमार कौशल, सन्दीप राव, अनिल दीवान, दिनेश वटी, भरत साहू, रामलाल पटेल, ओमनारायण साहू, युगल किशोर, राजेश, हरेन्द्र ठाकुर, बुधराम साहू, बालमुकुंद बंजारे, पीयूष सिन्हा, अंजलि बर्मन, पूजा सोरी सहित ग्रामीण डाक सेवको का विशेष सहयोग रहा।

**नईम खान व चेतना सहित डेंढ दर्जन का हुआ सम्मान**

बानोथ रविंद्र पोस्टमास्टर कुसमा, नईम खान, चेतमन मरकाम, विदोष दीवान गिरोला, प्रीतम बाकडे, अनिल दीवान, डिकेश मिर्झा, शंकर लाल दीवान, सूर्य प्रसाद दीवान, मोनिका पटेल, निशा यादव , घस्सू यादव, सुनीत कुमार सन्नी, नेहा मिश्रा, नरसिंग प्रजापति, सियाराम सोरी, सुधांशु, को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया।

### पेज 11 के शेष

**108 एंबुलेस ....**

108 वाहन चालक भूपेंद्र तिवारी ने सूझबूझ का परिचय देते हुए बच्ची का प्राथमिक उपचार किया एवं उसे सीएचसी तोकापाल में शिफ्ट कराया। उसके उपरांत सीएचसी तोकापाल के डॉक्टरों ने बच्ची का उपचार किया। अभी बच्ची की स्थिति ठीक बताई जा रही है।

स्थल में पहुंच रही एंबुलेंस : बस्तर संभाग के 108 संजीवनी एक्सप्रेस के जोनल मैनेजर हेमराज सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस कर्मचारियों के साथ स्थल में पहुंच रहे हैं, जिससे मरीजों को राहत मिल रही है।

**लिमिट बढ़ने से ....**

की संख्या 550 है और उनके खेतों के रकबा के आधार पर 35 हजार क्विंटल धान खरीदने पर लक्ष्य पूरा हो सकेगा, लेकिन यह संभव होता नहीं लग रहा है। क्योंकि अभी तक 21 हजार क्विंटल ही खरीदी हुई है।

7 हजार क्विंटल धान का उठाव नहीं : बताया गया कि 23 जनवरी तक 20341.60 क्विंटल धान की खरीदी हुई है जिसमें से 13540 क्विंटल धान का उठाव मिलर्स ने कर लिया है। वर्तमान में 6801.60 क्विंटल धान सोसायटी के फड़ में पड़ा है। 4 करोड़ 44 लाख का धान खरीदा गया है, जिसमें से 1 करोड़ 59 लाख की कर्ज वसूली कर ली गई है।

**अयोध्या जन्मभूमि ...**

उनके पूर्वजों ने जो बलिदान दिया है, आज सरकार ने उनका वह सपना साकार कर दिया हैं। बस्तर से उनके साथ गए सभी कारसेवकों का स्मरण कर उपस्थित लोगों को भी विस्तार से राम जन्मभूमि आंदोलन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर को तोड़कर हमारी संस्कृति पर हमला किया गया, तब से लेकर आज तक लाखों लोगों ने बलिदान दिया। इसके साथ ही मंच पर श्रीराम व हनुमान का चित्रण रहा। प्रारंभ में भजन कीर्तन व आरती शहर के श्रद्धालुओं ने किया। गंगामुंडा के चारों तट पर श्रीराम की प्रतिमा का पूजा अर्चना, दीप अलंकरण एवं आरती व आतिशबाजी कर लड्डू का वितरण किया गया। इस अवसर पर एल. ईश्वर राव, कैलाश राठी, पवन राजपूत, लखीधर बघेल, श्रीनिवास राव मद्दी, रूपसिंग मंडावी, संजय पांडेय, रंजीत पांडे, रजनीश पाणिग्राही, हैप्पी मोग्गू, नरेन्द्र पाणिग्राही, दिनेश पाणिग्राही, मनोज पाणिग्राही, जयंत नायडू, अजय पाल सिंह, डी.के. परासर, आत्माराम जोशी, राजा राम तोडेम, दशरथ कश्यप, संजय विश्वकर्मा, संजय चौहान, एल. राजरत्नम नायडू, मानसिंह भारद्वाज, अरुण नेताम, आशा डोडिया, अलका गुप्ता, झरना मोहंती, निशा नागवंशी, आरती दुआ, शालिनी गुप्ता, मौसम विस्वास, हरिशंकर झा, मनोज पटेल, शशिनाथ पाठक, लक्ष्मन झा, एच.बी. सिंग, कौशल पांडे, महेश्वरी ठाकुर, गीत शुक्ला, कर्मजीत कौर, बालाजी नायडू सहित बड़ी संख्या में नगरवासी व मातृशक्ति उपस्थित थीं।

**खबर संक्षेप**

## सुर रत्न ग्रुप के वार्षिकोत्सव में गुंजे देश भक्ति गीत



**जगदलपुर।** सुर रत्न ग्रुप ने तीसरा वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया, शुरुआत देशभक्ति गीतों से हुई और भगवान राम के भजन के बाद फिल्मी गीत गाए गए। इस दौरान यूपीएससी में सफल दो होनहार छात्र आकाश राव और नीलोफर खान को सम्मानित किया गया। अमर वाटिका में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता श्रीनिवास राव मद्दी रहे अध्यक्षता दीप्ति पांडे ने की। अध्यक्ष आर.के नायडू ने कहा सुर रत्न ग्रुप का निर्माण इसलिए किया गया है कि यहां गीत गाने वाले लोगों को मौका दिया जा सके। उनके टैलेंट को निखारने का पूरा प्रयास करते हैं। टैलेंट शो में पूरे बस्तर संभाग के बच्चों को आमंत्रित किया गया था उनमें से अच्छे और मधुर गीत गाने वालों के बीच कंपटीशन कराया गया। इसके अलावा समय-समय पर विभिन्न आयोजनों के माध्यम से गीत संगीत में रुचि रखने वाले लोगों को मौका दिया जाता है। कार्यक्रम में सीएसपी सहित नगर निरीक्षक और अतिथियों ने देश भक्ति और फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दी।

## जीत हो या हार खिलाड़ियों के लिए खेल भावना जरूरी



**जगदलपुर।** महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानकी विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर में डॉ. अमित दीक्षित अधिष्ठाता छात्र कल्याण एवं डॉ. जीपी नाग अधिष्ठाता के संयुक्त अध्यक्षता में अंतर क्षेत्रीय विश्वविद्यालय स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता-2024 का सफलतापूर्वक समापन कराये गये। डॉ.दीक्षित ने अपने उद्बोधन में पूरे कार्यक्रम की रूपरेखा मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट तिथि के समक्ष रखते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के चार अलग-अलग क्षेत्र, दक्षिण क्षेत्रीय, उत्तरी क्षेत्रीय, पूर्वी क्षेत्रीय एवं पश्चिमी क्षेत्रीय टीम ने भाग लिया जिसमें 160 प्रतिभागियों ने लगभग 36 प्रकार के अलग-अलग खेलों में अपना हुनर प्रदर्शन मेजबानी कर रहे दक्षिण क्षेत्रीय यानी क्रांतिकारी डेबरिधुर शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, जगदलपुर में पूरा कार्यक्रम तीन दिनों तक लगातार कराया गया तथा उद्बोधन के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाई देते हुए बताया कि खेल हमारे शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है हमें पढ़ाई करने के साथ-साथ खेल में भी भाग लेनी चाहिए। डॉ. नाग अधिष्ठाता, शासकीय उद्यानिकी महाविद्यालय, जगदलपुर ने पूर्व में दिलाए खेल भावना की शपथ को याद दिलाते हुए सभी विद्यार्थियों/प्रतिभागियों को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बहुत-बहुत बधाई देते हुए कहा कि आप सभी ने खेल भावना को प्रदर्शित किया कोई हारा तो कोई जीता लेकिन आप सभी ने हम सब का दिल जीत लिया।

### हसदेव के जंगलों की कटाई व बच्ची की मौत पर समाज आक्रोशित

# सर्व आदिवासी समाज के आहवान पर जिले की व्यवसायिक नगरी रही बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

बस्तर संभाग के सर्व आदिवासी समाज के आव्हान पर 23 जनवरी को एक दिवसीय बस्तर बंद का निर्णय लिया गया था। जिस पर बस्तर चेंबर आफ कामर्स ने अपना नैतिक समर्थन दिया। जिसके बाद जिले की व्यवसायिक नगरी बंद रही। गौरतलब है कि सरगुजा के हसदेव के जंगलों में लाखों पेड़ों की कटाई कर दी गई।

■ व्यापारियों ने अपने संस्थान बंद रखकर दिया समर्थन

हसदेव के जंगलों को छत्तीसगढ़ का फेफड़ा कहा जाता है, जिसके विरोध में बंद का आह्वान किया गया था। वहीं बीते दिनों बीजापुर क्षेत्र में गोलीबारी में 6 माह की बच्ची की मौत हो गई व उसकी माता घायल हो गई। जिसके बाद पीड़ित परिवार व ग्रामवासियों ने घटना को लेकर आक्रोश जताया। घटना को लेकर सभी ने घोर निन्दा करते हुए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की है। व्यापारियों ने अपने संस्थान बंद रखकर समर्थन दिया है।

### बंद का दिखा असर, सभी प्रतिष्ठानें रही बंद



**लोहंडीगुड़ा।** सर्व आदिवासी समाज बस्तर संभाग द्वारा 23 जनवरी को बंद के आह्वान पर सर्व आदिवासी समाज विकास खण्ड इकाई लोहंडीगुड़ा द्वारा विकास खण्ड लोहंडीगुड़ा में सभी प्रतिष्ठानों को बंद कराया गया। विदित हो कि बीजापुर जिले के गंगालूर तहसील अंतर्गत बुर्जी पंचायत के मुदवेंदी गांव में बीते 1 जनवरी को सुरक्षा बलों द्वारा 6 महीने के मासूम की गोली मार कर हत्या की गई है। इस घटना में मृतक मंगली सोड़ी की माता के बाए हाथ के दो उंगलियों में चोट आई है और उसके माता पिता को मेडिकल कॉलेज डिमरापाल में नजर बंद किया गया था, तथा सरगुजा संभाग के हसदेव जंगल को शासन-प्रशासन के द्वारा बल पूर्वक कटवाया जा रहा है। जिसके विरोध में सर्व आदिवासी समाज ने बंद का आह्वान किया था। घटना की सर्व आदिवासी समाज विकासखण्ड लोहण्डीगुड़ा ने घोर निन्दा की है तथा घटना की न्यायिक जांच और दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग करते हुए एक दिवसीय लोहण्डीगुड़ा बंद का आव्हान सफल रहा। इस बंद का आपातकालीन सेवाओं में कोई असर नही था।

## 192 ग्रामीणों ने लिया योगाभ्यास का लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

छग शासन एवं संचालक आयुष एवं बस्तर जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ जगनू राम नेताम के मार्गदर्शन में विकास खंड बस्तर के ग्राम चपका में आज से 5 दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल होकर योगाभ्यास का लाभ ले रहे है।

चपका सरपंच जोगीराम ने भगवान धन्वंतरि के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर योग प्रशिक्षण का शुभारंभ किया। योग प्रशिक्षक विजय देवांगन ने योग करवाया। डॉ हेमंत यादव ने योग के फायदे एवं उनसे प्रत्येक रोग के अनुसार योग को बताया। इस अवसर पर 11 मितानीन प्रशिक्षक बीसी थमेश्वरी, एमटी सोमारी, मीना पटेल, गेंदों बघेल, मीना, इंद्रमणी ठाकुर, जमुना कश्यप, इंदु चदेल, वामदेव, नीलकंठ यादव, विद्या एवं 161 मितानिनों ने योग प्रशिक्षण में भाग लिया। अस्पताल स्टाफ में घनश्याम, फगनू राम समेत अन्य ग्रामीण जन उपस्थित थे। प्रथम दिवस 192 ग्रामीणों ने योगाभ्यास का लाभ लिया।

# शिव मंदिर में 1111 दीप प्रज्ज्वलित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

नगर के पुराना बस स्टैंड स्थित आशुतोष शिव मंदिर में समिति द्वारा सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में सर्व समाज के लोग शामिल हुए।

सुंदरकांड की समाप्ति के पश्चात अयोध्या धाम से श्रीराम लला प्राण प्रतिष्ठा का लाइव दर्शन कराया गया। कार्यक्रम के बाद समिति द्वारा भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। वहीं शाम के समय मंदिर में 1111 दीप प्रज्वलित किए गए। जिसमें आशुतोष शिव मंदिर सेवा समिति के सभी सदस्य, महिलाएं व सर्व समाज के सदस्यों ने दीप प्रज्वलित कर अपनी सहभागिता निभाई।

# लौह नगरी में श्रीराम कथा से पूरा नगर हुआ राममय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल




लोहनगरी किरंदुल में श्रीराम जन्मभूमि, अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम मंदिर के भूतल स्थित गर्भ गृह में मर्यादा पुरषोत्तम भगवान

■ घरों में दीपावली जैसा दीप जलाकर मनाई खुशी

श्रीरामचंद्र जी के बाल रूप नूतन विग्रह को विराजित एवम प्राण प्रतिष्ठित के उपलक्ष में नगर परिवार की सुख समृद्धि मंगलकामनाएं हेतु श्री राम कथा एवम भजन संध्या का आयोजन किया गया अंतराष्टीय कथा वाचिका देवी ऋचा मिश्रा द्वारा किया गया इस अवसर पर राघव मंदिर सचिव ए के सिंह ने कहा इस आयोजन से पूरा किरंदुल शहर श्री राम मय हो गया रामलाल के स्वागत में राघव मंदिर में एनएमडीसी किरंदुल परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक पदनाथ नाइक, उप महाप्रबंधक कार्मिक बि के माधव द्वारा मर्यादित पुरुषोत्तम राम चंद्र के समस्त दीप प्रचलन पूजन एवं आरती के पश्चात देवी ऋचा मिश्रा द्वारा भजन करते हुए मेरी झोपड़ी के भाग्य खुल ही गए राम आए हैं राम आए हैं एवं सजा दो घर को गुलशन सा अवध में राम आए हैं राम आए हैं जैसे भजनों की अनुपम प्रस्तुति करते हुए भगवान राम की कथा का अमृतवाणी से वर्षा करते हुए कार्य कर्म में उन्होंने नैतिक शिक्षा देते हुए गाय माता के संरक्षण एवं उनके रखरखाव पर जोर दिया श्री राघव मंदिर में भक्तो की अत्यधिक अधिक संख्या से मेले जैसा नजारा हो गया आज किरंदुल अयोध्या जैसा लग रहा हे पूरे नगर में लोग अपने घरों में दीपावली जैसा दिया जलाकर खुशी मना रहे है।

## भाजपाइयों ने दो मिनट का मौन रखकर दी लक्ष्मी नारायण देव को श्रंद्धाजलि





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव के पिता स्व. लक्ष्मी नारायण देव को भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने श्रद्धाजलि अर्पित की। मंगलवार को जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा हुई। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप व जिला उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने उनके जीवन पर प्रकाश डाला व दुखः की घड़ी में शोकाकुल देव परिवार के प्रति शोक संवेदना व्यक्त की। श्रंद्धाजलि सभा में दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना की गयी व तैल चित्र में श्रद्धा सुमन अर्पित किये गए। इस दौरान विद्याशरण तिवारी, सुधीर पाण्डेय, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीधर ओझा, संतोष बघेल, रामाश्रय सिंह, वेदप्रकाश पाण्डेय, संजय पाण्डेय, नरसिंह राव, अश्विन सरडे, आलोक अवस्थी, राजेन्द्र बाजपेयी, सतीश सेठिया, आर्येन्द्र सिंह आर्य, राजेन्द्र बाजपेयी, मनोहर तिवारी, सुधा मिश्रा, अविनाश श्रीवास्तव, बी जयराम समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने पर पांच जोड़ों का धूमधाम से हुआ विवाह

## पंचायत ने की पहल, वर वधु को शादी का जोड़ा व अन्य सामान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड/नगरनार





अयोध्या में प्रभु श्रीराम के विराजमान होने के उपलक्ष्य में बकावण्ड ब्लाक के टलनार पंचायत द्वारा गांव के ही पांच जोड़ों का धूमधाम से विवाह कराया गया। इस ऐतिहासिक विवाह को देखने पूरा गांव एकत्रित था जो विवाह के साक्षी बनते हुए वर वधु को आशीर्वाद व अपनी सामर्थ्य अनुसार उपहार दिया।

जानकारी के मुताबिक हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान को चरितार्थ करते हुए गांव के ही

■ पूरा गांव बना विवाह का साक्षी, वर वधु का दिया आशीर्वाद

पांच जोड़ों का विवाह कार्यक्रम टलनार पंचायत द्वारा आयोजित किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनीराम कश्यप जो विवाह समारोह में शिरकत कर विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। गांव के पुजारी व अन्य अतिथियों की मौजूदगी में विवाह समारोह सम्पन्न किया गया। पंचायत की पहल पर गांव के ही अर्जुन संग कुमारी, त्रिनाथ संग सुकरी, रायसिंह संग गलेश्वरी, बलराम संग रायबाली व सुखनाथ संग देवकी का विवाह धूमधाम से किया गया। पंचायत द्वारा विवाह समारोह में पूरे गांव को आमत्रिंत किया गया था जिन्होंने विवाह में शिरकत कर वर वधू का आशीर्वाद व उपहार दिया और भोज में शामिल हुए। पंचायत की ओर से वर वधु के लिए विवाह का जोड़ा व अन्य गृहस्थी के सामान की व्यवस्था की गई थी। वहीं ग्रामीणों ने भी बढ़ चढ़कर पांचों जोड़ो को उपहार देकर उनके खुशहाल जिंदगी की कामना की। विवाह समारोह के दौरान वनवासी मौर्य, वेदप्रकाश पाण्डे, कपिल पाडें, महेश कश्यप, दामुधर बघेल, पुरूषोतम जोशी, बृजलाल सेठिया, तुलाराम भारती, सरपंच श्रीमती गुप्ती कश्यप, उप सरपंच तेनसिंह सेठिया, सचिव भोलाराम बघेल, गंगाराम कश्यप, नरसिंह पुजारी, अनमत भारती, कमलसिंह सिन्हा, शातिनाग, मायवती, कमलबती, हरिनाथ बघेल, उदय नारायण, पुजारी मानकराम झाली, रनसाय, जयराम सेठिया, जीतू, ललीता, भागेश्वरी, रत्ना, नवीना के अलावा गांव के प्रमुख व स्कूल के शिक्षक भी मौजूद थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनीराम कश्यप ने कहा नव विवाहितों को दांपत्य जीवन में सबंधों की प्रगाढ़ता, आपसी प्रेम व खुशी के साथ वैवाहिक जीवन बिताने व आप सभी के जीवन में सुख शातिं हमेशा बने रहने आशीर्वाद दिया।

## पराक्रम दिवस पर याद किए गए नेताजी



**गीदम।** पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा में 23 जनवरी को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 127वीं जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया गया। प्राचार्य सुनील गुप्ता एवं सभी अध्यापकों ने नेताजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें स्मरण किया। हिन्दी शिक्षक राकेश शर्मा ने नेताजी के योगदान के बारे में बताया। संगीत शिक्षक टीएस कड़ियाम के निर्देशन में बच्चों ने देश भक्ति गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर केन्द्रीय विद्यालय दंतेवाड़ा, केन्द्रीय विद्यालय बचेली, जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर, आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय समेत जिले के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# गुड सेमेरिटन के प्रति छात्रों को दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

भारत सरकार नई दिल्ली के आदेशानुसार पूरे भारत वर्ष में प्रतिवर्ष सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाता है। जिसके

■ यातायात नियमों के प्रति एनसीसी, स्काऊट गाईड को किया जागरूक

अनुसार इस वर्ष भी 15 जनवरी से 15 फरवरी तक 34वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पुलिस अधीक्षक दन्तेवाड़ा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरके बर्मन के निर्देश व उप पुलिस अधीक्षक केके चन्द्राकर के नेतृत्व में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत यातायात पुलिस के द्वारा लगातार यातायात नियमों के प्रति जागरूकता के साथ ही यातायात नियमों के पालन हेतु प्रचार-प्रसार व समझाईश कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

इसी कड़ी में आज जिले के एनसीसी कैडेट स्काउड गाईड को हाई स्कूल परेड ग्राउंड में यातायात स्लोगन, यातायात के दौरान सामान्य कर्तव्यों के बारे में बताते हुये, सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी गई। दो पहिया वाहन चलाने के दौरान हेलमेट पहनने, चार पहिया वाहन चालन के दौरान सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाने कहा गया।

इस दौरान यातायात प्रभारी सुशील नौटियाल ने छात्रों को गुड सेमेरिटन के बारे में बताते हुये कहा कि सड़क पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना होने पर हमें, हमेशा उनका सहयोग कर तत्काल इस की सूचना देनी चाहिये। ताकि समय रहते घायल की जान बचाई जा सके। क्योंकि इस प्रकार की दुर्घटना किसी भी व्यक्ति के साथ घटित हो सकती है। इस मौके पर यातायात शाखा के सउनि जितेन्द्र त्रिपाठी, अन्य बल समेत बड़ी संख्या में एनसीसी स्काउड गाईड मौजूद रहे।

## दीपोत्सव कार्यक्रम में योगदान देने वालों को दिए गए प्रमाण पत्र

**जगदलपुर।** कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि दलपत सागर में एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम दीपोत्सव कार्यक्रम का बहुत कम समय में गणमान्य नागरिक, विभिन्न समुदायों के साथ और सहयोग से एक बहुत आयोजन किया



गया। जगदलपुर ने पुरा उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाया। हमने दो लाख तीस हजार दीया जलाने का लक्ष्य रखा किंतु यह संख्या तीन लाख तक पहुंच गया इसमें सभी की सहभागिता थी। कार्यक्रम में निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय पाण्डेय, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने कहा कि एक दीया प्रभु श्रीराम के नाम दीपोत्सव कार्यक्रम को सफल आयोजन करने के लिए जगदलपुर के सभी गणमान्य नागरिकों का अपूर्व सहयोग रहा इसके लिए निगम और जिला प्रशासन की ओर से आभार।

## ढोल नगाड़ों के साथ निकली कलश यात्रा



**जगदलपुर।** जनपद पंचायत दरभा मुख्यालय में भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सोमवार को दुर्गा सिद्ध शक्तिपीठ में हवन पूजन के बाद भंडारा का आयोजन किया। इस दौरान कलश यात्रा ढोल नगाड़ों के साथ निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में महिला, पुरूष, युवक, युवतियां शामिल हुए।

**न्यायालय नायब तहसीलदार दरभा, जिला बस्तर (छ.ग.)**

ई-कोर्ट-
रा.प्र.क्र./ब-121/2022-23

**// इस्तहार//**

एतद द्वारा सर्व साधारण ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय नायब तहसीलदार दरभा के रा.प्रकरण क्रमांक/ई कोर्ट क्रमांक 202401152800079/2022-23 आवेदक बलीराम मंडावी पिता सन्नु मंडावी जाति माड़िया, निवासी ग्राम डिलमिली, तहसील दरभा द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि उनके मां हड़मे मंडावी पति सन्नु मंडावी मृत्यु दिनांक 15/06/2008 को ग्राम डिलमिली तहसील दरभा में होने के उपरांत विहित अवधि में मृत्यु का पंजीयन भूलवश नहीं कराया जा सका था। आवेदक के द्वारा आवेदन के साथ शपथ पत्र एवं पंजीयन जन्म-मृत्यु ग्राम पंचायत डिलमिली से जारी अनुपलब्धता प्रमाण पत्र संलगन किया गया है।

अतः इस संबंध में ग्रामवासियों को जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय के नियत तिथि 15/01/2024 के पूर्व आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं मियाद पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह हस्ताक्षर आज दिनांक 29/01/2024 को मेरी हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा सहित जारी किया।

मुहर

तहसीलदार
दरभा

## खबर संक्षेप

### जिलाध्यक्ष की मां को देखने अस्पताल पहुंचे पूर्व सांसद



**जगदलपुर।** भाजपा जिला अध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी की माता के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पूर्व सासंद दिनेश कश्यप महारानी अस्पताल पहुंचे। उन्होंने आईसीयू में भर्ती श्रीमती मंडावी के जल्द स्वस्थ होने की कामना की।

### 29 फरवरी तक होगा प्रचलित राशनकार्डों का नवीनीकरण

**जगदलपुर।** राज्य शासन के द्वारा प्रदेश में प्रचलित समस्त राशनकार्डों यथा अन्त्योदय राशनकार्ड, प्राथमिकता राशनकार्ड, निराश्रित राशनकार्ड, निःशक्तजन राशनकार्ड तथा सामान्य राशनकार्ड के नवीनीकरण हेतु निर्देश जारी किये गये हैं। राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्तमान में प्रचलित राशनकार्डों के नवीनीकरण की कार्यवाही 29 फरवरी तक पूर्ण किया जाना है। नवीनीकरण हेतु राशन कार्डधारियों द्वारा आवेदन करने की समय सीमा 25 जनवरी से 15 फरवरी तक निर्धारित की गई है। खाद्य अधिकारी जगदलपुर से मिली जानकारी के अनुसार राशन कार्डधारियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राशनकार्डों के समयबद्ध नवीनीकरण हेतु आवेदनों की प्राप्ति खाद्य विभाग द्वारा तैयार एप्प के जरिये की जावेगी। यह एप्प हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से अपने मोबाईल में अथवा उचित मूल्य दुकानों के टेबलेट या दुकान संचालक के पंजीकृत एन्ड्राइड मोबाईल में डाउनलोड कर इसके जरिये आवेदन किया जा सकता है।

### शिल्पी संस्था लगातार 36 साल से कर रहा आयोजन

# नेताजी जयंती पर बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी, लगाए देशभक्ति के नारे





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। प्रातः 7 बजे शहीद पार्क चौक से प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें नगर के विभिन्न स्कूलों के बच्चे शामिल हुए। साथ ही समाज एवं अन्य संगठनों के लोगों ने भी सहभागिता दी। प्रभात फेरी शहीद पार्क चौक से प्रारंभ होकर चांदनी चौक, संजय बाजार होते हुए मां दंतेश्वरी मंदिर से जगन्नाथ मंदिर होकर जयस्तंभ चौक से मेन रोड की ओर से स्टेट बैंक चौक तथा वापस शहीद पार्क चौक नेताजी की मूर्ति के पास इसका समापन हुआ। प्रभात फेरी पहुंचने के पश्चात संस्था के महासचिव संजीव सील ने अध्यक्ष सुबीर नंदी, कोषाध्यक्ष हरि माधव दास, केके तिवारी, भवतोष विश्वास को दीप प्रज्वलन के लिए आव्हान किया। उपरांत सभी ने नेताजी की मूर्ति में पुष्प अर्पित किए। अध्यक्ष ने नेताजी के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि युवा पीढ़ी को प्रेरित करने के लिए यह आयोजन शिल्पी द्वारा 36 वर्षोंर् से किया जा रहा है। शिल्पी सांस्कृतिक संस्था ने स्वामी विवेकानंद, रविंद्र नाथ टैगोर, डॉ. जगदीश चंद्र बोस, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जैसे स्वतंत्रता सेनानी, वैज्ञानिक, महापुरुषों, कवि साहित्यकार की जयंती लंबे समय से युवा पीढ़ी के लिए मनाती आ रही है। संस्था ने बच्चों को अनुशासित एवं अच्छे नारे एवं गणवेश में आने वाले विद्यालय को पुरस्कृत किया। प्रथम पुरस्कार निर्मल विद्यालय, द्वितीय कालीबाड़ी विद्यालय एवं बस्तर हाई स्कूल, तृतीय बाल विहार विद्यालय एवं महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय, सांत्वना पुरस्कार भाभा आईटीआई को मिला। अध्यक्ष ने घोषणा की कि यह पुरस्कार एक देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रम जो जल्द शिल्पी द्वारा आयोजित किया जाएगा उस समय पुरस्कार वितरण किया जाएगा। जन गण मन के साथ कार्यक्रम की समाप्ति हुई और मिठाई बांटे गए। इस दौरान सिंह सर, श्रीवास्तव सर, मीनल मालिक, संजय चंद्रा, शांतनु नाग, इंद्राणी नंदी, शेफाली सरकार, श्वेता विश्वास, प्रतिमा राय, भारती, स्वामी मुखर्जी, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं अन्य शामिल थे।

## कांग्रेसियों ने मनाई सुभाष चन्द्र बोस की जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

राजीव भवन में शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देश पर कार्यकर्ताओं ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई। इस अवसर पर सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया तथा उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का आव्हान किया। वक्ताओं ने कहा कि सुभाषचंद्र बोस स्वतंत्रता संग्राम के महान सेनानी थे। मातृभूमि की रक्षा के लिए उन्होंने हंसते हंसते अपने प्राण न्यौछावर कर दिए। देश को आजादी दिलाने के लिए उन्होंने आजाद हिंद फौज की स्थापना की और देशवासियों से तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा देकर देशभक्ति का जज्बा पैदा किया। उनके विचार आज भी प्रासंगिक हैं, उनके सिद्धांतों को अपनाकर देश को सुद्दढ़ व उन्नतिशील बनाया जा सकता है। इस दौरान पार्षद कमलेश पाठक, जावेद खान, रंजीत सिंह बख्शी, महामंत्री जाहिद हुसैन, महेश द्विवेदी, असीम सुता, अनुराग महतो, अल्ताफ उल्ला खान, विक्रांत सिंह, उपेंद्र बांधे, अभिषेक डेविड, अंकित सिंह, नीलम कश्यप, एम ज्योति राव, विमल बिसाई, गीता नाग, लोकेश नन्दा, राजू सोढ़ी, अरुण गुप्ता, गुरमेल सिंह, लोकेश चौधरी, अनफाज खान, राजबीर सिंह समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शिव मंदिर में महिलाओं ने गाया भजन



**जगदलपुर।** शहर के धरमपुरा रोड स्थित पुराना हाऊसिंग बोर्ड कालोनी के शिव मंदिर में महिलाओं ने भगवान श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए सुबह से शाम तक भजन कीर्तन किया। साथ कालोनीवासियों ने भंडारा का भी आयोजन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## विश्वकर्मा मंदिर में हनुमान चालीसा जाप



**जगदलपुर।** बस्तर संभाग के इकलौते सृष्टि के सृजन करता भगवान श्री विश्वकर्मा के मंदिर में शहर के गंगानगर वार्ड में 22 जनवरी को श्री हनुमान चालीसा का जाप किया गया। श्रद्धालु एवं समस्त विश्वकर्मा वंशी मंदिर में आकर भगवान का दर्शन किया। उक्त जानकारी विश्वकर्मा समाज उत्थान समिति बस्तर संभाग के पदाधिकारियों में से अजय शर्मा ने बताया कि मंदिर में दो दिन तक श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन किया, जिसमें समाज के सदस्यों के साथ पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, भाजपा नेता श्रीनिवास मद्दी, संग्राम सिंह राणा, बी. जयराम, पूर्व विधायक राजाराम तोड़ेम आदि शामिल रहे।

## गंगामुंडा हुआ राममय, की आरती गाया भजन



**जगदलपुर।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर राजेंद्र नगर वार्ड में मिथिला एवं गंगामुंडा महिला समिति द्वारा भजन कीर्तन किया गया। साथ ही युवाओं के द्वारा राम नाम का जयकारा लगाते हुए पूरे वार्ड में घर-घर जाकर प्रसाद एवं राम मंदिर का चित्र वितरण किया गया। शाम को घर में दीप जलाकर गंगामुंडा तालाब में आरती की गई। लक्ष्मण झा ने बताया तालाब के चारों ओर भव्य आयोजन हुआ सभी अपने अपने तरीके से रामलाल के आने की खुशियां मनाते रहे। इस दौरान ओमप्रकाश पासवान, रुकमणि यादव, मीरा झा, खंभन सिन्हा, कमलेश बघेल, अमित नेताम, अभिषेक झा, आकाश यादव, सागर झा, राजा मडावी, सन्नी झा, सूरज, मोहित दास उपस्थित रहे।

## चौपाटी में राम भक्तों ने की आरती



**जगदलपुर।** गांधी नगर वार्ड के चौपाटी में भक्तों के द्वारा भगवान राम की आरती की गई। जिसमें दिनेश कश्यप, संजय पाण्डेय, श्रीनिवास राव मद्दी, सुरेश गुप्ता, शशिनाथ पाठक, प्रर्मिला कपूर, तेजपाल शर्मा, माहेश्वरी ठाकुर, गीता नाग, नीलम यादव, त्रिवेणी रंधारी, मीना विश्वकर्मा, भीम कश्यप, हसेंद्र शेट्टी, राजेश, बृजेश, कपूर, जय जोशी, शिवा, प्रेम, कैलाश मूर्ति, सुमित्रा समेत वार्ड वासी शामिल हुए।

# धान का फसल नहीं लेने वाले भी पंजीकृत किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

समर्थन मूल्य पर चल रही सरकारी खरीदी 31 जनवरी को बंद हो जाएगी। इसलिए किसान धान बेचने के लिए अंतिम दिनों में सोसायटी की दौड़ लगा रहे हैं। हरिभूमि ने मंगलवार को धान खरीदी केंद्र बम्हनी का जायजा

- राजीव गांधी न्याय योजना और साग-सब्जी वाले भी सूची में
- अंतिम दिनों में धान खरीदी जोरो पर




लिया। जहां किसानों की काफी भीड़ देखी गई। टोकन के अनुसार किसान ट्रेक्टर, बैलगाड़ी से धान लेकर सोसायटी पहुंचे थे। कल 22 जनवरी तक यहां 29 हजार क्विंटल से अधिक की धान खरीदी हो चुकी है। लेम्पस प्रबंधक भगचंद देवांगन ने बताया कि यहां 788 किसान पंजीकृत हैं और उनके रकबा के आधार पर खरीदी का लक्ष्य 43512 क्विंटल है। शेष बचे दिनों में टारगेट पूरा करना है लेकिन दिन कम होने के कारण लक्ष्य पूरा करना कठिन होगा। उन्होंने कहा कि यहां 48 किसान ऐसे भी हैं जिनका धान का रकबा शून्य है अर्थात वे धान की फसल लेते ही नहीं है, लेकिन पंजीकृत किसानों की सूची में नाम है। ये किसान राजीव गांधी न्याय योजना और साग-सब्जी उत्पादन करने वाले हैं। किसान होने के कारण उनके नाम का उल्लेख है।

### मिलर्स ले गए 21 हजार क्विंटल

लेम्पस प्रबंधक ने बताया कि कुल खरीदी में से मिलर्स 21 हजार क्विंटल से अधिक धान ले गए हैं। वहीं फड़ में 7212 क्विंटल धान पड़ा हुआ है। आज की जो खरीदी होगी वह बचत में जुड़ जाएगा। उन्होंने कहा कि खरीदी का अंतिम समय होने के कारण किसान टोकन के लिए रोज आ रहे हैं। किसानों को कल 24 जनवरी का और 4 दिन के छुट्टी के बाद 29 जनवरी को जब खरीदी शुरू होगी तब का टोकन दिया गया है। दिन कम बचे होने के कारण किसान बड़ी संख्या में टोकन लेकर धान बेचने आ रहे हैं।

## कांग्रेसियों का मौन प्रदर्शन...



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की असम में आयोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यवधान उत्पन्न किए जाने व मंदिर जाने से रोकने के विरोध में भाजपा सरकार के खिलाफ राजीव भवन के समक्ष मौन प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि दो दिनों से न्याय यात्रा के पोस्टरों को फाड़ा गया व काफिले पर सुनियोजित हमले किए जा रहे हैं। वहीं राहुल गांधी को शंकर मंदिर जाने से रोका गया। जिसका कांग्रेस पार्टी निंदा व विरोध कर मौन प्रदर्शन कर रही है। इस दौरान जावेद खान, जाहिद हुसैन, महेश द्विवेदी, असीम सुता, अनुराग महतो, अल्ताफ उल्ला खान, कमलेश पाठक, विक्रांत सिंह, उपेंद्र बांधे, अभिषेक डेविड, अंकित सिंह, नीलम कश्यप, एम ज्योति राव, विमल बिसाई, गीता नाग, लोकेश नन्दा, राजू सोढ़ी, अरुण गुप्ता, गुरमेल सिंह, लोकेश चौधरी, अनफाज खान, राजबीर सिंह मौजूद रहे।

## सौर ऊर्जा को लेकर रिटेलर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम में दी गई उपयोगी जानकारी



**जगदलपुर।** राज्य अक्षय ऊर्जा विभाग व्दारा रिटेलर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन होटल अविनाश इंटरनेशनल में हुआ। रिटेलर्स को स्टैण्डर्ड एंड लेबलिंग की जानकारी दी गई। जिसमें हम कैसे ऊर्जा का संरक्षण कर सकते हैं और उपकरणों में स्टार रेटिंग के महत्व को समझाया गया। नये एवं पुराने उपकरणों को कैसे पहचाने एवं ऊर्जा को कैसे बचाएं इसके बारे में जानकारी दी गई। डा. प्रियंका पचौरी मिश्रा ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से सभी जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री की सौर ऊर्जा को घर घर पहुंचाने की मंशा एवं कल ही उनके व्दारा एक करोड़ घरों के निम्न एवं मध्यम वर्ग के परिवारों के घर में सोलर रूफटॉप लगाने संकल्प लिया गया है। प्रधानमंत्री के संकल्प को पूरा करने की दिशा में अक्षय ऊर्जा विभाग छत्तीसगढ़ पूरी क्षमता से काम को अंजाम देने में जुटा है। प्रधानमंत्री के संकल्प से कहीं ना कहीं रिटेलर्स का भी हित जुड़ा होगा। रिटेलर्स को भी सौर ऊर्जा को लेकर जन जागरूकता में भूमिका निभानी चाहिए। प्रधानमंत्री की मंशा को पूरा करने में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं राज्य अक्षय ऊर्जा विभाग ने बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है जिस पर बड़े स्तर पर काम हो रहा है। इसमें जनभागीदारी और रिटेलर की सहभागिता के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। राज्य अक्षय ऊर्जा के सीईओ राजेश राणा ने सौर ऊर्जा संरक्षण की दिशा में तीव्र गति से काम करने पर जोर दिया। इस दिशा में निकट भविष्य में बहुत कार्य किया जाना है। सौर ऊर्जा के प्रति लोगों को जागरूक करना है। कार्यक्रम में अधीक्षण अभियंता पीके जैन, कार्यपालन अभियंता आरके राय, जिला प्रभारी सविता कश्यप उपस्थित थीं।

## धान के उठाव एवं रकबा समर्पण कार्य को प्राथमिकता दें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कलेक्टर विजय दयाराम के. ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के सफल संचालन के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही संकल्प यात्रा के डाटा अपडेशन कार्य को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान उठाव स्थिति की समीक्षा करते हुए नोडल अधिकारियों से धान खरीदी केंद्रों की व्यवस्था, बारदाना की आवश्यकता और धान के उठाव की जानकारी ली। उन्होंने बकावण्ड विकासखण्ड में किसानों से उपार्जन केन्द्रों में की जाने वाली धान खरीदी की मात्रा अधिक होने और कम रकबा समर्पण पर नाराजगी जाहिर कर धान खरीदी के नोडल अधिकारियों, एसडीएम सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने बकावंड क्षेत्र में स्थापित 21 धान खरीदी केंद्रों में रकबा समर्पण के कार्य में गति देते हुए बारदाना की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए। उक्त निर्देश कलेक्टर मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में समय सीमा की बैठक के दौरान दिए। बैठक में कलेक्टर ने जन शिकायत,जन चौपाल और पीएनजी के प्रकरणों का तत्काल कार्यवाही कर आगामी समय-सीमा से पहले निराकृत करने कहा।

### लुम्बनी हाउस पहुंच किरण देव परिवार को दी सांत्वना

# स्वास्थ्य मंत्री का आगमन, मिलेगी सिटी स्कैन मशीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सूदूर ईलाके में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता के लिए जो सार्थक प्रयास जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग कर रही है वह सराहनीय है। जरूरतमन्दों को त्वरित चिकित्सा सहायता एवं बेहतर सेवाएं प्रदान करना मानवीय संवेदनाओं को रेखांकित करता है। उक्त बातें लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कही।

प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के पिताजी के निधन उपरांत प्रदेश के मंत्री सहित भाजपा व कांग्रेस के बड़े पदाधिकारी के पहुंचने का क्रम जारी है। मंगलवार को श्रेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, राज्य सभा सदस्य सरोज पांडे, प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, रायपुर ग्रामीण के विधायक मोती लाल साहू सुकमा पहुंचे। वही स्वास्थ्य मंत्री ने स्थानीय जिला अस्पताल पहुंचकर जायजा लिया।

### निधन पर जताया शोक

राजधानी से सुकमा पहुंचे श्रेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, राज्य सभा सदस्य सरोज पांडे व हेलीकप्टर से सुकमा पहुंचे। इस दौरान हेलीपेड में भाजपा जिलाध्यक्ष बारसे धनीराम, प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य, अरूण सिंह भदौरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष हुंगाराम मरकाम सोयम मुका सहित भाजपा के कई पदाधिकारी मौजूद थे। वहीं प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व करण देव के नीजि आवास पर पहुंचकर उनके पिता स्व लक्ष्मीनारायण देव के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, करण सिंह देव, कुमार जयदेव सहित परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी।

### आईसीयू का किया निरीक्षण, मरीजों का जाना हाल

प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को सुकमा जिला अस्पताल का जायजा लिया और उपचारार्थ भर्ती मरीजों से रूबरू होकर उनके स्वास्थ्य का हालचाल पूछा। इस दौरान उन्होंने बाह्य रोगी कक्ष, ब्लड बैंक, हमर लैब तथा वार्डों के साथ ही आईसीयू का भी निरीक्षण किया तथा उपकरणों और जांच की व्यवस्था एवं दवाइयों की सुलभता तथा भोजन की उपलब्धता इत्यादि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन की उपलब्धता सहित चिकित्सकों की भर्ती शीघ्र किये जाने आश्वस्त किया।





### स्वास्थ्य मंत्री ने बढ़ाया मनोबल

स्वास्थ्य मंत्री ने इस मौके पर जिला अस्पताल में अधिकारियों तथा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की बैठक ली और जिला अस्पताल की साफ-सफाई तथा अस्पताल में उपलब्ध कराए जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना करते हुए अधिकारियों तथा चिकित्सकों, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं स्वच्छता कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाया। वहीं दूरस्थ अंचल के लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया और आगामी दिनों में राज्य स्तर के अधिकारियों के साथ यहां की बेहतर व्यवस्थाओं को देखने के लिए आने की बात कही।

### हर सुविधा से लैस हो अस्पताल

स्वास्थ्य मंत्री ने जिला अस्पताल के जनर्रल वार्ड में मरीजों से मुलाकात की और उनके हाल-चाल जाना। उन्होने कहा कि मुख्यालय में स्थित जिला अस्पताल सुविधा युक्त अस्पताल के रूप में जाना जाए ताकि प्रत्येक तबके के व्यक्ति का इलाज यहां हो सकें। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल के अधोसंरचना और मूलभूत आवश्यकता को बेहतर करने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाने की बात कही। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने सुकमा जिले को दस नये डॉक्टर देने की बात कही। बैठक में विधायक मोतीलाल साहू, कलेक्टर हरिस.एस सहित सीएमएचओ डॉ महेश शांडिया, सिविल सर्जन डॉ अभय प्रताप तोमर, धनीराम बारसे तथा अन्य जनप्रतिनिधि और जिला अस्पताल के चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टॉफ एवं स्वच्छता कर्मचारी मौजूद थे।

### सार्थक प्रयासों की हुई सराहना

स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने बैठक में कहा कि सूदूर ईलाके में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता के लिए जो सार्थक प्रयास जिला प्रशासन तथा स्वास्थ्य विभाग कर रही है वह सराहनीय है। जरूरतमन्दों को त्वरित चिकित्सा सहायता एवं बेहतर सेवाएं प्रदान करना मानवीय संवेदनाओं को रेखांकित करता है। इस दिशा में सभी मिलकर सकारात्मक सोच के साथ अपना दायित्व निभाएं, जिससे इस दूरस्थ ईलाके का जिला अस्पताल पूरे प्रदेश के लिए अनुकरणीय साबित हो सके। उन्होंने जिला अस्पताल की विभिन्न आवश्यकताओं, उपकरणों और मानव संसाधन इत्यादि की विस्तृत जानकारी ली और प्रस्ताव भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

